दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

# इंदौर / साढ़े 6 क्विंटल दूषित मावा व मिठाई जब्त, प्रशासन ने की कार्रवाई






नकली मावा जब्त करती प्रशासन की टीम

- **रविवार सुबह तीन इमली क्षेत्र में स्थित ऊवर्शी ट्रेवल्स के ऑफिस से किया जब्त**
- **कोटा से आया नकली मावा, त्योहारों से पहले सक्रिय मिलावटखोर**

***दैनिक भास्कर***
Oct 20, 2019, 01:33 PM IST

**इंदौर.** दीपावली त्योहार से पहले शहर में नकली खाद्य पदाथ बेचने वाले सक्रिय हो गए है। शहर में बड़े पैमाने पर नकली मावा व मिठाई आ गए हैं, प्रशासन औपचारिकता के लिए छुट-पुट कार्रवाई कर देता है। ऐसी ही एक कार्रवाई रविवार को की गई जिसमें 6.5 क्विंटल दूषित मावा व मिठाई प्रशासन द्वारा जब्त की गई है।

जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग की टीम द्वारा रविवार सुबह तीन इमली क्षेत्र में एक ऑटो को पकड़ा गया। ऑटो में नकली मावा रखा हुआ था। वहीं टीम ने उसी क्षेत्र में स्थित ऊवर्शी ट्रेवल्स पर भी छापामार कार्रवाई की। यहां से भी नकली मावा जब्त किया गया है।

खाद्य अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि 6.5 क्विंटल दूषित मिठाई और मावा को जब्त किया गया है। यह माल जितेन्द्र कुमार गर्ग का बताया जा रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में गुजराज के अहमदाबाद से नकली मावा आना बताया जा रहा था लेकिन जब टीम द्वारा जांच की गई तो पता चला कि यह नकली मावा राजस्थान के कोटा से आया है, मप्र के मुरैना से यह नकली मावा कोटा भेजा गया था जहां से इंदौर मंगवाया गया।

खाद्य विभाग के अनुसार पाम ऑइल, मिल्क पॉवडर और शकर को मिलाकर यह नकली मावा तैयार किया गया था। इसका उपयोग मुख्यत: मावा कतली बनाने में किया जाता है। प्रशासन के अनुसार दीपावली तक नकली मावा व मिठाई बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

Source: https://www.bhaskar.com/mp/indore/news/there-is-a-medieval-kubera-statue-in-kundeshwar-mahadev-temple-of-sandipani-ashram-in-ujja-01669067.html?art=next